**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में HOUSEKEEPING SERVICES FOR VIKAS BHAWAN, SUCHANA BHAWAN, NIC BUILDING AND CAMPUS, PATNA कार्य के वित्तीय बीड के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

उपस्थितिः-

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | - | **HOUSEKEEPING SERVICES FOR VIKAS BHAWAN, SUCHANA BHAWAN, NIC BUILDING AND CAMPUS, PATNA** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** (पाँच वर्षों के लिए) | - | ₹23,00,97,000.00 (भवन निर्माण विभाग, बिहार का पत्रांक 301(भ0)दिनांक 28.02.2025) |
| 3. | **परिमाण विपत्र की राशि (विद्युत कार्य सहित)** (पाँच वर्षों के लिए) | - | ₹22,91,93,760.00 |
| 4. | **निविदा आमंत्रण कि तिथि** | - | 19.08.2025 |
| 5. | **कार्य की अवधि** | - | पाँच वर्षों के लिए |
| 6. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की प्रारंभ तिथि** | - | 22.08.2025 |
| 7. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | - | 13.09.2025 |
| 8. | **प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय** | - | दिनांक 29.08.2025 को 15:30 बजे मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 28.08.2025 को 15:30 बजे अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | **टेन्डर आई0डी0 संख्या** | - | 109173 |
| 10. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | - | **(I)** M/S KING SECURITY GUARDS SERVICES PVT LTD<br>**(II)** KALSI BUILDCON PVT LTD<br>**(III)** NIS MANAGEMENT LIMITED<br>**(IV)** M/S SMC INTEGRATED FACILITY MANAGEMENT SERVICES PVT LTD<br>**(V)** SUPER FACILITY SERVICES PVT LTD<br>**(VI)** VISHV ENTERPRISE |

11. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

**विषयांकित कार्य की प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक 19.08.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में आमंत्रित निविदा त्रुटिपूर्ण होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**विषयांकित कार्य के वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य की पूर्व निविदा त्रुटिपूर्ण होने के कारण रद्द की गयी अतः वर्तमान आमंत्रित निविदा को प्रथम निविदा माना जायेगा। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त छः निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। छः निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक 4986 अनु0 दिनांक 17.09.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 22.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 25.09.2025 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक किसी भी प्रकार आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही रहने उपरान्त मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 3164(प0) दिनांक 08.12.2025 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक 7029 अनु0 दिनांक 11.12.2025 द्वारा तकनीकी बीड में <u>**"रिस्पॉन्सिव"**</u> निविदाकारों का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी भेजा गया है, जो निम्नप्रकार से है:-

| क्र0 सं0 | निविदाकार के नाम | मदों के नाम | परिमाण विपत्र की राशि | उद्धृत दर | उद्धृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/S KING SECURITY GUARDS SERVICES PVT LTD | अनुसूचित मद/गैर अनुसूचित मद | ₹22,91,93,760.00 | 10.03% कम | ₹20,62,05,625.87 |
| 2 | KALSI BUILDCON PVT LTD | | | 1.80% कम | ₹22,50,68,272.32 |
| 3 | NIS MANAGEMENT LIMITED | | | 26.32% कम | ₹16,88,69,962.37 |
| 4 | M/S SMC INTEGRATED FACILITY MANAGEMENT SERVICES PVT LTD | | | 0.51% कम | ₹22,80,24,871.82 |
| 5 | SUPER FACILITY SERVICES PVT LTD | | | 26.59% कम | ₹16,82,51,139.22 |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि न्यूनतम निविदाकार SUPER FACILITY SERVICES PVT LTD द्वारा परिमाण विपत्र की दर से 26.59% (छब्बीस दशमलव पाँच नौ प्रतिशत)कम दर उद्धृत किया गया है। मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 3322(प0) दिनांक 23.12.2025 द्वारा न्यूनतम निविदाकार से परिमाण विपत्र से 26.59% कम दर उद्धृत करने पर दर के औचित्य प्रतिवेदन की मांग की गयी। निविदाकार SUPER FACILITY SERVICES PVT LTD के पत्रांक 01 दिनांक 24.12.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उनके द्वारा आमंत्रित निविदा के Scope of work एवं श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्गत न्यूनतम मजदूरी दर तथा अन्य दिशा-निर्देश का पूर्ण रूपेण अनुपालन किया जायेगा एवं आवंटित कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जायेगा।

**निविदाकारों के अनुभव प्रमाण-पत्र को सत्यापन उपरांत सत्य पाया गया है।**

**12. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यूनतम निविदाकार **SUPER FACILITY SERVICES PVT LTD** को परिमाण विपत्र की दर से 26.59%(छब्बीस दशमलव पाँच नौ प्रतिशत)कम दर पर अर्थात कुल राशि ₹16,82,51,139.00(सोलह करोड़ बेरासी लाख एकावन हजार एक सौ उनचालीस रूपये)मात्र पर कार्य आवंटित करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

**13. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

HOUSEKEEPING SERVICES FOR VIKAS BHAWAN, SUCHANA BHAWAN, NIC BUILDING AND CAMPUS, PATNA कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक 31.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0परि0वि0-2-1/2023-19(P)                    पटना, दिनांक-05.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

BC 05/1/26

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।